
वी. श्रीनिवास, आई.ए.एस.
V. Srinivas, IAS
सचिव
SECRETARY

सत्यमेव जयते

भारत सरकार,
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय,
प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग,
सरदार पटेल भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES & PENSIONS,
DEPARTMENT OF ADMINISTRATIVE REFORMS & PUBLIC GRIEVANCES
SARDAR PATEL BHAWAN, SANSAD MARG,
NEW DELHI-110001



**अपील**

आप सभी को हिंदी दिवस (14 सितंबर) के शुभ अवसर पर मेरी असीम शुभकामनाएं।

राजभाषा हिंदी में श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन के लिए, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग को, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024-2025 के लिए राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (प्रथम) के लिए चुने जाने पर, विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बहुत-बहुत बधाई। यह हर्ष का विषय है कि यह पुरस्कार, विभाग को लगातार दूसरे वर्ष भी प्राप्त हो रहा है।

भारतीय संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर,1949 को 'हिंदी' को, भारत संघ की राजभाषा के रूप में अंगीकार किया गया और 26 जनवरी,1950 को लागू, भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार, यह प्रावधान है कि संघ सरकार की राजभाषा 'हिंदी' एवं लिपि 'देवनागरी' होगी। प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को मनाए जाने वाले हिंदी दिवस के अवसर पर, हम अपनी भाषा के महत्व को याद करते हैं। हिंदी का महत्व, इसकी विविधता में समाहित है, क्योंकि यह केवल एक भाषा ही नहीं, अपितु एक विचारधारा है, जो हमारी भावनाओं और भाषाई सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है।

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग तथा एनसीजीजी में कार्यरत कार्मिकों और विशेषकर उच्च अधिकारियों से मेरा अनुरोध है कि आप सभी अपना अधिक से अधिक सरकारी काम-काज स्वयं हिंदी में ही करें ताकि राजभाषा हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार हो।

मुझे प्रसन्नता है कि प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग में, हमेशा की भांति 14 सितंबर से 28 सितंबर तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

सभी कार्मिकों से मेरा आग्रह है कि वे इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लें और न केवल हिंदी पखवाड़े के दौरान, अपितु वर्ष भर अपना सरकारी काम-काज, सहज और सरल हिंदी में करते हुए, राष्ट्र का गौरव बढ़ाने में अपना योगदान दें।

हम सभी का संवैधानिक दायित्व है कि हम राजभाषा से संबंधित अनुदेशों का पालन, उतनी ही दृढ़ता से करें जिस प्रकार हम अन्य सरकारी निदेशों और अनुदेशों का करते हैं।

हिंदी दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

जय हिंदी, जय भारत।

**(वी.श्रीनिवास)**



Please Visit our Website : http://darpg.gov.in, http://goicharters.nic.in
Ph. : 91-11-23742133, 23742546 Email : vsrinivas@nic.in, secy-arpg@nic.in

File No. E-11011a/3/2024-OL-DARPG (Computer No. 9011)
Generated from eOffice by RAKESH KUMAR, DD(RK)-OL-DARPG, DEPUTY DIRECTOR, DARPG on 02/09/2025 03:24 pm